लापरवाही | शिकायतों और आवेदनों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

लापरवाह अधिकारियों को नोटिस, जवाब-तलब

नवभारत, कटनी। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में रूचि नहीं लेने वाले उपसंचालक खनिज और सहकारिता बैंक नोडल जयति बिलथारिया को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत तय समय-सीमा के भीतर आवेदनों का निराकरण नहीं करने पर तहसीलदार स्लीमनाबाद आकाशदीप नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम सोलर योजना के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता शहर को मीटर रीडर्स से इच्छुक उपभोक्ताओं की लिस्ट बनवाकर

वेंडर्स के साथ इस लिस्ट को साझा करने के निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने उपसंचालक कृषि को वेंडर्स की बैठक आयोजित कर सोलर पंप योजना के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने सीमांकन, बंटवारा और फार्मर आईडी रजिस्ट्री की तहसीलवार समीक्षा की और राजस्व अधिकारियों को इनके निराकरण में तेजी लाने की हिदायत दी। उन्होंने वन विभाग को वनाधिकार पट्टे के अंतर्गत फौती कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को समग्र ई-कवाईसी का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने समग्र में सुधार के लिए प्रस्ताव भेजने निर्देशित किया। बैठक के दौरान जिला श्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन के लिए 13 हजार नवीन प्राप्त आवेदन लंबित है। जिस पर कलेक्टर ने पात्र आवेदकों के पंजीकरण स्वीकृत करने के निर्देश दिए। जनगणना 2027 की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों और जनपद पंचायतों के सीईओ को मकान नंबरिंग का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में संपूर्णता अभियान, लंबित पेंशन प्रकरणों और जन्म मृत्यु प्रमाण पत्रों के लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने खनिज विभाग को संबंधित क्षेत्र के एसडीएम के नेतृत्व में अवैध रेत से जुड़ी सभी शिकायतों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खेल, नवीन और नवीकरणीय उर्जा, पीडब्ल्यूडी, स्कूल शिक्षा, कृषि, जलसंसाधन, श्रम, आदिम जाति कल्याण विभाग, पीएचई, सामाजिक न्याय, खाद्य विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों का जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना और जननी सुरक्षा योजना से संबंधित शिकायतों के जल्द निराकरण के निर्देश सीएमएचओ को दिए। कलेक्टर ने हॉर्टीकल्चर विभाग की योजनाओं से किसानों को लाभान्वित करने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में जनपद सीईओ और किसानों के साथ क्लस्टर वार बैठक आयोजित करने के लिए कहा है।

ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने पर 6 स्थानों में दबिश

कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत, कटनी। आईपीएल क्रिकेट मैच शुरू होते ही ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के लिए बदनाम शहर जमकर दांव लगाए जा रहे हैं। पहले माधवनगर और अब ऑन लाइन क्रिकेट सट्टे के नए गढ़ के रूप में उभर रहे बस्ती क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक क्रिकेट सटोरिए ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाव रहे हैं। इस बीच कोतवाली पुलिस टीम ने मुखबिर की पुख्ता सूचना के बाद छापेमार कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार की रात कोतवाली पुलिस ने इस नेटवर्क पर कार्रवाई करते हुए शहर के 6 अलग-अलग स्थानों में दबिश दी। दबिश के दौरान आईपीएल सट्टा संचालित कर रहे आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। कार्रवाई में पुलिस को ऑनलाइन आईडी सिल्वर एक्सचेंज के माध्यम करोड़ों के दांव लगाने वाले सिंडिकेट की जानकारी मिली है। पुलिस टीम ने पहली कार्रवाई नई बस्ती में बजाज पैथोलॉजी के पास की। जहां से पंकज उर्फ हेमंत खटीक को मोबाइल पर सट्टा खेलते रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ में उसने विजय उर्फ लल्लू नागवानी और राहुल छावड़ा के भी इस कारोबार से जुड़े होने की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस टीम ने संत नगर के पास से पुलिस ने विक्की पुरुषवानी को गिरफ्तार किया। आरोपी के मोबाइल की जांच करने पर सिल्वर एक्सचेंज आईडी खुली मिली। जिसके माध्यम से वह ग्राहकों को सट्टा खिलवा रहा था। इसमें पिंका उर्फ रविंद्र आडवाणी और समीर गंगवानी उर्फ डेविड की संलिप्तता भी होने की जानकारी भी पुलिस को मिली। कार्रवाई के दूसरे चरण में पुलिस ने बस स्टैंड गैस गोदाम के पास से आजाद अहमद को पकड़ा गया, जो मोबाइल पर आरसीबी बनाम सीएसके के मैच पर सट्टा ले रहा था। इसके पास से पुलिस ने मोबाइल जब्त किया है। वहीं सर्कस मैदान से साजिद अली को पकड़ा गया, जिसके पास से आईपीएल सट्टे के हिसाब-किताब के साथ मोबाइल जब्त किया गया है। पुलिस ने एलआईसी ऑफिस के पीछे दबिश देकर नई बस्ती निवासी राम निषाद को गिरफ्तार किया है। आरोपी से एंड्रायड मोबाइल और सट्टे के स्क्रीनशॉट की कॉपियां सहित 12 सो रूपए नगद जब्त किए गए। जांच में पता चला कि वह माधवनगर के राहुल छावड़ा के साथ मिलकर सट्टा चला रहा था। वहीं नई बस्ती से ही विजय मूलचंदानी को मोबाइल पर आईपीएल पर हार-जीत का दांव लगाते पकड़ा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई सटोरियों में हड़कंप मच गया है।

एक नजर में



शैलेन्द्र कांग्रेस परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव बने

नवभारत, ढीमरखेड़ा। क्षेत्र के सक्रिय और जमीनी नेता शैलेन्द्र पौराणिक को मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के परिवहन प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से उमरियापान सहित आसपास के क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच भारी उत्साह देखा जा रहा है। जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ दीक्षित की अनुशंसा और प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति पर परिवहन प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह पांधे ने यह नियुक्ति पत्र जारी किया है। शैलेन्द्र पौराणिक की संगठन के प्रति निष्ठा और जनहित के कार्यों में उनकी लगातार सक्रियता को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने उन पर यह भरोसा जताया है।

झारिया समाज का परिचय सम्मेलन 26 को

नवभारत, उमरियापान। झारिया कल्याण संघ के तत्वाधान में 26 अप्रैल को झारिया समाज का परिचय सम्मेलन मानस भवन प्रेक्षागृह जबलपुर में किया जाएगा। जिसमें समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन होगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्टजनों, प्रतिभाओं के साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। संघ के डॉ एनपी झारिया, गनेश सिंह झारिया, संतोष मेहरा, पुष्पा झारिया, मथुरा प्रसाद झारिया, भीकम झारिया, भगवत प्रसाद झारिया, जिया बाई झारिया, रजनीकांत झारिया, संजीव झारिया, शैलेन्द्र झारिया, अजय शंकर झारिया, वीरेन्द्र झारिया, सुखलाल झारिया, पुरुषोत्तम झारिया, अंकित झारिया, देवदत्त झारिया, डा आरएम झारिया, रामस्वरूप झारिया ने स्वजातीय बंधुओं से सम्मेलन में शामिल होने के लिए कहा है।

डिवाइडर से टकराई बाइक, चाचा-भतीजे की मौत

एनकेजे थाना क्षेत्र के बाबाघाट के पास हुआ हादसा

नवभारत, कटनी। एनकेजे थाना क्षेत्र में बाबा घाट के पास रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिसके कारण बाइक में सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान नयागांव निवासी सुनील भूमिया (24) और राहुल भूमिया (18) के रूप में की हुई। पुलिस ने बताया कि नया गांव निवासी सुनील भूमिया और राहुल भूमिया बाइक से रात में वापस अपने घर लौट रहे थे, इसी दौरान बाबा घाट के समीप पहुंचने पर उनकी तेज रफ्तार बाइक सड़क पर बने एक अस्थाई डिवाइडर से अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना के बाद पहुंची पुलिस दोनों घायलों एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई, जिससे नयागांव में शोक का माहौल है। एनकेजे थाना पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कराया है। मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के अंधेरे में अस्थाई डिवाइडर नजर नहीं आता। जिसके कारण हादसा होने की आशंका रहती है।

केन्द्र सरकार की गलत नीतियों से लगातार बढ़ रही महंगाई और बेराजगारी

कांग्रेस ने पंचायत चलो अभियान के तहत किया आयोजन

नवभारत, कटनी। मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का जिले के विलायत कला ग्राम में प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। आयोजन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल के नेतृत्व में चलाए जा रहे पंचायत चलो अभियान के तहत कराया गया। जनसभा में क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं,महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। केंद्र और प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए मंच से प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकारें युवाओं के भविष्य के साथ सिर्फ छलावा कर रही हैं, उन्होंने कहा आज का युवा उच्च शिक्षित होने के बावजूद हाथ में डिग्री लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। कमरतोड़ महंगाई ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। यूएस ट्रेड डील प्रधानमंत्री ने दबाववश स्वीकार की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि युवा कांग्रेस अब चुप नहीं बैठेगी और युवाओं को उनका हक और रोजगार दिलाने के लिए जल्द ही सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशु अंशु मिश्रा ने कहा की केंद्र सरकार की गलत विदेश नीतियों के कारण आज देश कठिन दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल के लिए घंटों कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और जनता अब इस सरकार से बदलाव चाहती है। उनहोने कहा कि आने वाले समय मे पांच हजार से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ वे सड़कों पर उतरेंगे और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने जिले की औद्योगिक स्थिति और बेरोजगारी के अंतर्विरोधों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि जिला पूरे मध्य प्रदेश को हर क्षेत्र में भारी-भरकम राजस्व देता है, लेकिन इस जिले का दुर्भाग्य है कि यहां का मूल निवासी युवा आज भी रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर है। विवश है। कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ता और कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

मूक पशुओं को पेयजल उपलब्ध कराने घरों के बाहर रखें पानी की टंकी

ब्लड डोनर ने शुरू किया जल सेवा अभियान

नवभारत, कटनी। भीषण गर्मी के बीच मूक पशु-पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित जल सेवा अभियान के अंतर्गत शहर में नि:शुल्क पानी की टंकियों का वितरण किया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में करीब 300 से अधिक 20 लीटर क्षमता की सीमेंट की पानी की टंकियों का वितरण किया गया। यह टंकियां शहर के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों, मोहल्लों, चौराहों और गलियों में मूक पशुओं के लिए रखवाई जा रही हैं, ताकि तेज गर्मी में उन्हें सहज रूप से पानी उपलब्ध हो सके। शेष टंकियों का वितरण द्वितीय चरण में किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की महिला विंग द्वारा माता सरस्वती और गौ माता के पूजन के साथ किया गया। जिसके बाद सेवा कार्य का विधिवत प्रारंभ हुआ। बरगवां रोड स्थित आई लव सेल्फी प्वाइंट के सामने निर्धारित केंद्र से टंकियों का वितरण किया गया। संस्था अध्यक्ष टीनू सचदेवा ने बताया कि यह सेवा कार्य संस्था लगातार किया जा रहा है। उन्होने सभी से इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने कहा है। उन्होने कहा कि अपने घर या मोहल्ले के बाहर टंकी रखवाकर मूक पशुओं को पानी उपलब्ध कराएं। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर पानी की टंकी की उपलब्धता कराई जाएगी।

नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में की गई आंखों की जांच

चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा लगाया गया नि :शुल्क नेत्र शिविर

नवभारत, कटनी। डॉ गीता गुप्ता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अमानगंज स्थित जेके सीमेंट प्लांट में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 251 लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर के दौरान सभी को आंखों की देखभाल और सुरक्षा के महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। हमारा उद्देश्य है कि हर व्यक्ति की दृष्टि सुरक्षित रहे और कोई भी जानकारी के अभाव में अपनी आंखों की रोशनी नहीं खोए। इस कार्य में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया गया है।

सड़क हादसे में घायल हुआ युवक, हालत गंभीर

पुलिस की तत्परता से हादसे में घायल युवक भेजा अस्पताल

नवभारत, रीठी। जिले के रीठी तहसील अंतर्गत ग्राम मुंहास में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। रात करीब सवा 12 बजे एक 37 वर्षीय युवक जो कटनी से अपने गांव तिघरा की ओर बाइक से जा रहा था, तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक शमशेर सिंह तत्काल डायल 112 पुलिस वाहन के साथ मौके पर पहुंचे। तत्परता का परिचय देते हुए घायल युवक को तत्काल 112 वाहन से रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने सोमवार सुबह करीब 11 बजे उसे और बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया चकाजाम

बड़वारा में शराब दुकान का ग्रामीणों ने किया विरोध

नवभारत, कटनी। जिले जले के बड़वारा में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान के पास ही मंदिर है, ऐसे में मंदिर के पास शराब दुकान का संचालन नहीं होना चाहिए। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बड़वारा के मशीन चौक पर चकाजाम कर दिया। सड़क पर ग्रामीणों के चकाजाम करने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर बैठकर शासन-प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय भाजपा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर जैसे पवित्र धार्मिक स्थल के पास नजदीक शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंच रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब दुकान के संचालन से क्षेत्र का माहौल भी खराब हो रहा है। घनी आबादी वाले रहवासी क्षेत्र में शराब दुकान के संचालन के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जिसके कारण यहां से गुजरने में लोगों को परेशानी होती है। स्थानीय महिलाओं, युवतियों और स्कूली बच्चों का वहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से दुकान हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। विरोध प्रदर्शन की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तहसीलदार ने ग्रामीणों को समझाइस देते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने तहसीलदार को अपनी समस्याओं की जानकारी दी और कलेक्टर के नाम एक लिखित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा शराब दुकान को जल्द से जल्द हटाने की मांग की गई है।

कार्यक्रम | भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना ही भाजपा का मूल मंत्र

नवभारत, कटनी। भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सोमवार को जिला कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पार्टी ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कार्यकर्ताओं को मिष्ठान खिलाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यालय में वरिष्ठ भाजपाजनों का संगठन की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भोपाल से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया, जिसे सांसद सहित सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन गई है, जिसके 14 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गर्व का विषय है कि हम ऐसे संगठन से जुड़े हैं, जिसने अपने परिश्रम, समर्पण और राष्ट्रसेवा के संकल्प के बल पर देश की राजनीति में नई दिशा स्थापित की है। उन्होंने कहा कि एक समय लोकसभा में मात्र 2 सीटों से अपनी यात्रा प्रारंभ करने वाली भाजपा आज 300 से अधिक सीटों के साथ देश की जनता के विश्वास का प्रतीक बन गई है। सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र अंत्योदय है, अर्थात समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य किए हैं, जिससे देश चहुंमुखी विकास की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे संगठन की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम के बाद सांसद, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, भाजपा नेता चमनलाल आनंद के निवास पहुंचकर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। इसके बाद सांसद ने बहोरीबंद विधानसभा के कुआं मंडल के बूथ क्रमांक 213 में स्थापना दिवस कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। यहां पर उनके साथ क्षेत्रीय विधायक प्रणय पांडे भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह, महापौर प्रीति सूरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल, पूर्व जिलाध्यक्ष रामचन्द्र तिवारी, वरिष्ठ नेता भंवर सिंह चौहान, नंदू बसरानी, सुरेश रोचलानी, संतोष जायसवाल, कैलाश जैन, सुरेश सोनी सहित काफी संख्या में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।